आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 14.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

0000000

- प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में 69 दशमलव 2 9 प्रतिशत मतदान–मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जताया मतदाताओं और चुनाव प्रकिया में शामिल लोगो का आभार।

- पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में वित्त आयोग के एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन करेगा।

- अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला परवान पर–उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज मेले में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

- देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती आज बाल दिवस के रूप में मनायी जा रही है।

00000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के तहत कल हुए मतदान में 69 दशमलव 2 9 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। सर्वाधिक 75 दशमलव 6–2 प्रतिशत मतदान खींवसर में रिकॉर्ड हुआ। इसके अलावा रामगढ में 75 दशमलव 27 प्रतिशत, चौरासी में 74 दशमलव 1, सलूम्बर में 67, झुंझुनूं में 65 दशमलव 8, देवली–उनियारा में 65 दशमलव 1 और दौसा में 62 दशमलव 1 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छिटपुट घटनाओं को छोडकर उप चुनाव शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने चुनाव प्रकिया में भागीदारी के लिए मतदाताओं, मतदानकर्मियों और पुलिस प्रशासन के साथ मीडिया और मतदान प्रक्रिया से जुडे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि सातों विधानसभा सीटों पर मतदान के लिए कुल 1 हजार 915 मतदान केन्द्र बनाये गये थे। वोटिंग की मॉनिटरिंग और वेबकास्टिंग के साथ ही ईको फ्रेंडली तथा ग्रीन एण्ड क्लीन पोलिंग बूथ भी आकर्षण का केन्द्र रहे। इस दौरान मतदान केन्द्रों पर ईको फ्रेंडली सेल्फी बूथ को लेकर भी मतदाताओं में उत्साह देखा गया। श्री महाजन ने बताया कि तकनीकी खामियों के चलते एक बेलेट युनिट और एक कन्ट्रोल यूनिट के साथ 13 वीवीपैट मशीने बदली गई। गौरतलब है कि इससे पहले करवाई गई होम वोटिंग में 99 प्रतिशत से अधिक योग्य मतदाताओं ने मतदान में अपने मताधिकार का उपयोग किया। कल मतदान सम्पन्न होने के साथ ही सातों विधानसभा सीटों पर कुल 69 प्रत्याशियों के चुनावी भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रोंग रूम पर पहुंचाया गया है, जिन्हें 23 नवम्बर को मतगणना वाले दिन खोला जायेगा।

00000

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में वित्त आयोग के एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। इसका विषय धन आवंटन से विकास है। सम्मेलन का आयोजन 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में किया जाएगा। यह सम्मेलन ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए धन के प्रभावी ढंग से आवंटन में राज्य वित्त आयोगों की भूमिका पर चर्चा करने और इसमें वृद्धि के लिए प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाएगा। सम्मेलन में 16वें वित्त आयोग के सदस्य, पंचायती राज मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और आवासन तथा शहरी कार्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे।

0000

43वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 14 दिवसीय इस आयोजन का उद्घाटन करेंगे। इस वर्ष के मेले का विषय 2047 में विकसित भारत है। इस वर्ष का फोकस राज्य झारखंड है, जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश भागीदार राज्य रहेंगे।

00000

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने एक दिन में सर्वाधिक यात्रीभार का रिकॉर्ड बनाया है। एयरपोर्ट से बीते मंगलवार को 19 हजार 700 से अधिक यात्रियों ने हवाई सफर किया, जो इस एयरपोर्ट की स्थापना के बाद से अब तक सर्वाधिक है। इनमें 17 हजार 700 घरेलु और 1 हजार 950 अंतर्राष्ट्रीय उडानों के यात्री शामिल है। इससे पहले इसी महीने की 5 तारीख को भी एयरपोर्ट पर 19 हजार 400 से अधिक यात्रीभार दर्ज किया गया था।

000000

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पर्यटन नगरी जैसलमेर में रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है। 2025 तक इस काम के पूरा होने की उम्मीद है। इससे स्वर्णनगरी आने वाले सैलानियों के साथ आमजन को भी सहुलियत मिलेगी।

00000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज पुष्कर आयेगे। वे कार्तिक मेले पर आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति की यात्रा को देखते हुए पुष्कर सहित जिलेभर में यातायात और कानून व्यवस्था के इंतजाम किये गये है। उपराष्ट्रपति दोपहर बाद किशनगढ़ एयरपोर्ट से वापस दिल्ली लौट जायेंगे। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला पूरे परवान पर चल रहा है। इस दौरान हो रहे धार्मिक स्नान में हिस्सा लेने के लिये दूर दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे है।

000000

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती आज बाल दिवस के रूप में मनायी जा रही है । इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। शिक्षण संस्थानों में पंडित नेहरू के जन्मदिवस पर बाल मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी की ओर से पंडित नेहरू को श्रद्धाजंलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया जा रहा है। इस मौके पर कई संगठनों की ओर से विचार गोष्ठियों का भी आयोजन रखा गया है।

000000

आज विश्व मधुमेह दिवस मनाया जा रहा है। मधुमेह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। मधुमेह की रोकथाम, उपचार, प्रभावी प्रबंधन और इस रोग के बारे में जागरुकता के लिए हर साल 14 नवम्बर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व मधुमेह दिवस का विषय "अवरोधों को तोड़ना और अंतरालों को कम करना" है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद–आईसीएमआर इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग दस करोड़ दस लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं। विश्व मधुमेह दिवस के सिलसिले में आज प्रदेशभर में भी कई जागरूकता कार्यक्रम रखे गये है। चिकित्सा विभाग द्वारा कई जगह कैम्प लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जायेगी। बारां में 30 साल से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और कॉमन कैंसर की स्क्रीनिंग और जांच के लिये शिविर लगाया गया है।

00000

करौली जिले में बाल विवाहों की रोकथाम के लिए ब्लॉक स्तरीय बैठक और जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंडरायल पंचायत समिति और राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगाए गए शिविर में लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ भी दिलाई गई।

0000

चित्तौड़गढ़ में माय भारत पोर्टल आउट रीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेहरु युवा केंद्र और मेरा युवा भारत संगठन की ओर से हुए इस कार्यक्रम में युवाओं को माय भारत पोर्टल के बारे में पूरी जानकारी दी गई। युवाओं को इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8

0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

00000